अनुक्रमांक : .....

कूट सं. : 819-20NS–A

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं और कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा–आठवीं

नैतिक शिक्षा

वार्षिक परीक्षा (FEB.-MAR 2020)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र के पाँच खंड क, ख, ग, घ और ङ हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तरपुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
4. इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं।

खंड–क

1. 'सुधा' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

2. ईश्वर का निज व सर्वश्रेष्ठ नाम क्या है? 1

3. 'अनादि' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

4. वेद को प्रमाण मानने वाले किसका गान करते हैं? 1

5. गीता में श्रीकृष्ण जी ने किसे उपदेश दिया? 1

6. राजभाषा हिन्दी की कौन सी लिपि निश्चित हुई? 1

7. पर्यावरण की शुद्धि के लिए कौन सा यज्ञ किया जाता है? 1

8. डी.ए.वी. गान में गायक चारों दिशाओं में किस उद्घोष की कामना करता है? 1

9. 'प्रीति' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

10. डॉ. मेहरचन्द महाजन की मृत्यु कब हुई? 1

खंड–ख

11. वेद ज्ञान के घर–घर में भर जाने से समाज को क्या लाभ होगा? 2

12. गायत्री मन्त्र का जप किस समय करने से वह अधिक लाभकारी होता है? 2

13. डी.ए.वी. गान के प्रथम पद्य में वर्णित कोई चार विशेषण लिखिए। 2

14. भगवान की याद भुलाने का क्या परिणाम हुआ? 2

15. डी.ए.वी. का सबसे पहला स्कूल कब व कहाँ खोला गया? 2

खंड–ग

16. 'मा', 'कदाचन' और 'गृह्णाति' शब्दों के अर्थ लिखिए। 3

17. सविता शक्ति द्वारा मानवीय पुरुषार्थ के बारे में लिखिए। 3

18. डी.ए.वी. के तीन महान गुण लिखिए। 3

19. सेवा निवृत्त होने पर डॉ. महाजन ने समाज की सेवा कैसे की? 3

20. भारत भूमि को माता क्यों कहा गया है? 3

खंड–घ

21. ओ३म् के जप की लाभकारी विधि लिखिए। 4

22. महात्मा गाँधी ने बी.बी.सी. को भारत के आज़ाद होने पर अपना संदेश प्रसारित करने के लिए क्यों नहीं दिया? 4

23. ब्रह्म यज्ञ की विधि लिखिए। 4

24. वर्तमान समय में वर्ण व्यवस्था का संचालन कैसे हो रहा है? 4

25. चारों आश्रमों के नाम लिखकर उनकी आयु सीमा लिखिए। 4

खंड–ङ

26. संस्कृत भाषा का अध्ययन समाज के लिए कैसे उपयोगी है? 5

अथवा

'संस्कृत भाषा मानवमात्र की भाषा है'। कैसे?

27. अस्तेय का अर्थ लिखकर इसके विभिन्न रूप लिखिए। 5

अथवा

''अहिंसा का सम्बन्ध मनोवृत्ति से है क्रिया से नहीं।'' इस कथन को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

28. गीता में वर्णित तपों की व्याख्या कीजिए। 5

अथवा

ईश्वर भक्ति आपके अपने कर्मों से कैसे होती है?

29. आर्य समाज का सातवाँ व दसवाँ नियम लिखिए। 5

अथवा

अपनी उन्नति के साथ-साथ दूसरों की उन्नति के लिए क्या-क्या कदम उठाने चाहिए?

30. एक अच्छे राजा में क्या-क्या गुण होने चाहिए? 5

अथवा

दसवें समुल्लास की व्याख्या कीजिए।

❐❐❐